**भारत सरकार**

**संचार मंत्रालय**

**डाक विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3746**

**उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2019**

**डाकघरों द्वारा जमा योजना**

**3746. श्री धनुष एम. कुमार :**
**श्री सोयम बापू राव :**
**श्री जी. सेल्वम :**

**क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) अपने निवेशकों को डाकघर द्वारा दी जाने वाली विभिन्न जमा योजनाओं का ब्यौरा क्या है और इन योजनाओं की ब्याज दर निर्धारित करने के लिए सरकार द्वारा क्या मापदंड निर्धारित किये गये हैं;

(ख) क्या विगत तीन वर्षों में इन जमा योजनाओं में निवेशकों द्वारा निवेश की गई राशि की मात्रा में गिरावट आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या डाकघरों के बचत खाते में बड़ी मात्रा में अदावाकृत निधि पड़ी है और यदि हां, तो विभिन्न योजनाओं में अदावाकृत राशि की योजना-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार राशि कितनी है;

(घ) क्या डाक विभाग उक्त खातों के नामांकित व्यक्तियों की अनुपलब्धता, नामांकितों के सत्यापन न होने और अन्य विभिन्न कारणों से उक्त मुद्दे को हल करने में कठिनाइयों का सामना कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि इस संबंध में कोई नीति बनाई गई है तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ड.) लोगों के लाभ के लिए डाक विभाग के कामकाज में सुधार के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री**
**(श्री संजय धोत्रे)**

(क) डाकघर द्वारा अपने निवेशकों को दी जाने वाली विभिन्न जमा योजनाओं का ब्यौरा नीचे दिया गया है :-

(i) डाकघर बचत खाता

(ii) राष्ट्रीय बचत आवर्ती जमा खाता

(iii) राष्ट्रीय बचत सावधि जमा खाता

(iv) लोक भविष्य निधि खाता

(v) राष्ट्रीय बचत मासिक आय खाता

(vi) वरिष्ठ नागरिक बचत योजना

(vii) सुकन्या समृद्धि खाता

(viii) किसान विकास पत्र

(ix) राष्ट्रीय बचत पत्र (आठवां निर्गम)

लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दर केन्द्रीय सरकार की उन प्रतिभूतियों पर सेकेंडरी मार्किट से अर्जित आय के अनुरूप नियत की जाती है जिनकी परिपक्वता अवधि लघु बचत योजनाओं के समान है। इसके अतिरिक्त, केन्द्र सरकार द्वारा इस फॉर्मूले के आधार पर निर्धारित ब्याज दरों पर चुनी हुई योजनाओं पर भी स्प्रेड प्रदान किया जाता है।

(ख) जी, नहीं। पिछले 3 वित्तीय वर्षों के दौरान डाकघर बचत योजनाओं में जमा/निवेश की गई धनराशि निम्नानुसार है :-

| **क्रम सं.** | **वित्तीय वर्ष** | **जमा/निवेश की गई धनराशि (करोड़ में)** |
|---|---|---|
| 1. | 2016-17 | 4,26,849.53 |
| 2. | 2017-18 | 4,90,076,.70 |
| 3. | 2018-19 | 5,53,211.58 |

(ग) विभिन्न योजनाओं में पड़ी अदावाकृत राशि का योजना-वार और सर्कल-वार ब्यौरा अनुबंध-'क' में दिया गया है।

(घ) जी, नहीं। अदावाकृत राशि का निपटान करने के लिए सरकार (वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग) ने नीति तैयार की है और वरिष्ठ नागरिक कल्याण निधि नियमावली, 2016 अधिसूचित की है। तद्नुसार कार्रवाई की गई है और ऐसे खातों का ब्यौरा भारतीय डाक की वेबसाइट (www.indiapost.gov.in) पर भी प्रकाशित किया गया है।

(ड.) जनता के लाभार्थ विभाग के कार्यचालन में सुधार करने के लिए, 23760 डाकघरों में कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) लागू किया गया है और 996 स्वचालित टेलर मशीन (एटीएम) संस्थापित की गई हैं। हमारे एटीएम कार्ड बैंकों के साथ अंतर-प्रचालित हैं। इसके अलावा, डाकघर बचत बैंक (पीओएसबी) के ग्राहकों के लिए कोर बैंकिंग के डाकघरों में अंतरा-प्रचालनीय नेट-बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग की सुविधाएं शुरु की गई हैं। इस सुविधा के जरिए, डाकघर बचत बैंक के ग्राहक अपनी बकाया राशि, लेन-देन का विवरण देख सकते हैं, नए आवर्ती जमा (आरडी)/सावधि जमा (टीडी) खाते खोल सकते हैं, आवर्ती जमा/सावधि खाते बन्द कर सकते हैं, लोक भविष्य निधि जमा कर सकते हैं, अपनी निधि को किसी अन्य डाकघर बचत बैंक खाते में अंतरित कर सकते हैं और चेक रोकने संबंधी अनुरोध आदि ऑनलाइन कर सकते हैं। इसके अलावा, सुरक्षा और संरक्षण बढ़ाने के लिए, विभाग पुराने मैग्नेटिक स्ट्रिप एटीएम कार्डों को चिप आधारित एटीएम कार्डों में परिवर्तित कर रहा है।

**अनुबंध- 'क'**

**"डाकघरों द्वारा जमा योजना" के संबंध में दिनांक 11 दिसम्बर, 2019 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 3746 के पैरा (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**30.09.2019 की स्थिति के अनुसार योजनावार/सर्कल-वार अदावाकृत राशि कोर बैंकिंग समाधान (सीबीएस) से उद्धृत**

| उत्पाद | राष्ट्रीय बचत मासिक आय खाता | राष्ट्रीय बचत सावधि जमा खाता | राष्ट्रीय बचत आवर्ती जमा खाता | वरिष्ठ नागरिक बचत योजना | किसान विकास पत्र | राष्ट्रीय बचत पत्र | लोक भविष्य निधि योजना | डाकघर बचत खाता और विविध योजनाएं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **सर्कल का नाम** | **राशि (लाख में)** | **राशि (लाख में)** | **राशि (लाख में)** | **राशि (लाख में)** | **राशि (लाख में)** | **राशि (लाख में)** | **राशि (लाख में)** | **राशि (लाख में)** |
| आंध्र प्रदेश | 4,253.47 | 1,494.92 | 2,643.03 | 63.04 | 9,329.95 | 11,033.43 | 501.57 | 2.94 |
| एपीएस (सेना डाक सेवा) | 3.62 | 74.51 | 334.26 | 0 | 518.25 | 80.51 | 37.88 | 0 |
| असम | 1,893.46 | 1,322.76 | 1,462.11 | 7.76 | 7,449.20 | 6,429.22 | 723.14 | 38.32 |
| बिहार | 3,557.28 | 9,490.69 | 1,499.30 | 47.20 | 7,862.30 | 4,682.51 | 860.45 | 0.10 |
| छत्तीसगढ़ | 1,233.88 | 338.82 | 1,501.95 | 20.90 | 2931.85 | 2,162.09 | 269.30 | 0.08 |
| दिल्ली | 66,204.08 | 8,911.81 | 19,154.48 | 3,605.08 | 26,759.69 | 16,675.65 | 7,106.20 | 2.07 |
| गुजरात (दादरा एवं नगर हवेली, दमन एवं दीव सहित) | 13,712.76 | 5,835.46 | 3,767.33 | 308.90 | 29,579.73 | 15,781.85 | 2,927.14 | 7.06 |
| हरियाणा | 15,252.60 | 13,700.08 | 9,548.64 | 501.98 | 4,897.65 | 2,717.83 | 969.47 | 6.36 |
| हिमाचल प्रदेश | 2,048.83 | 3,877.15 | 1,297.13 | 10.50 | 2,610.31 | 1,024.45 | 70.31 | 1.13 |
| जम्मू एवं कश्मीर (लद्दाख सहित) | 540.62 | 4,326.28 | 511.83 | 25.50 | 2,960.64 | 971.68 | 34.32 | 0 |
| झारखण्ड | 4,981.34 | 5,264.43 | 1,291.86 | 50.00 | 5,342.95 | 3,988.67 | 2,346.51 | 0 |
| कर्नाटक | 1,935.19 | 505.15 | 1,694.89 | 81.99 | 9,200.32 | 20,961.35 | 1,184.42 | 18.20 |
| केरल (लक्षद्वीप सहित) | 3,599.90 | 2,031.12 | 6,247.26 | 45.40 | 7,957.31 | 11,735.81 | 326.40 | 1.80 |
| मध्य प्रदेश | 7,485.43 | 2,772.32 | 3,488.45 | 194.97 | 10,073.03 | 7,232.17 | 835.44 | 9.47 |
| महाराष्ट्र (गोवा सहित) | 23,526.99 | 6,373.06 | 8,490.04 | 722.53 | 22,096.68 | 27,326.18 | 3,948.45 | 36.53 |
| पूर्वोत्तर (अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड एवं त्रिपुरा सहित) | 1,067.46 | 417.40 | 1,319.92 | 2.50 | 1,998.26 | 906.69 | 56.83 | 0 |
| ओडिशा | 5994.31 | 2,449.62 | 1,902.52 | 192.24 | 3,619.25 | 5,622.64 | 282.82 | 0.85 |
| पंजाब (चंडीगढ़ सहित) | 21,690.53 | 31,176.00 | 30,292.31 | 383.79 | 23,492.51 | 9,449.97 | 2,871.63 | 8.04 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4,145.34 | 2,954.80 | 7,371.50 | 73.75 | 16,258.58 | 15,914.98 | 2,857.34 | 0.36 |
| तमिलनाडु (पुदुच्चेरी सहित) | 11,554.47 | 7,255.02 | 14,516.19 | 936.73 | 12,713.85 | 14,420.70 | 2035.93 | 30.75 |
| तेलंगाना | 6,407.17 | 2,485.97 | 2,887.14 | 332.23 | 4,898.21 | 6,806.59 | 295.19 | 0.26 |
| उत्तराखंड | 5,032.58 | 2,966.06 | 3,916.72 | 78.99 | 3,853.14 | 2,539.74 | 213.38 | 12.07 |
| उत्तर प्रदेश | 7,984.20 | 20,756.69 | 7,964.35 | 475.59 | 43,660.73 | 27,099.89 | 2,747.60 | 4.79 |
| पश्चिम बंगाल (अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और सिक्किम सहित) | 90,439.68 | 25,788.14 | 10,424.30 | 496.07 | 44,351.55 | 27,612.56 | 3,136.95 | 9.32 |
| **कुल योग** | **3,04,545.20** | **1,62,568.30** | **1,43,527.51** | **8,657.64** | **3,04,415.98** | **2,43,177.20** | **36,638.67** | **190.53** |

*विभाग सर्कल-वार ब्यौरा रखता है। पूर्वोत्तर (जिसमें अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, नगालैंड, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा शामिल हैं), महाराष्ट्र (गोवा सहित), पश्चिम बंगाल (सिक्किम सहित) आदि को छोड़कर डाक सर्कल लगभग राज्यों से संबंधित हैं।

*****